## ठेकेदार धनोरिया पर निगम के अधिकारी है मेहरबान, नहीं नजर आती बिल्डिंगों में दरारें

# गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य कर निगम कमाएगा पांच करोड़?





हरिभूमि न्यूज, छिंदवाड़ा। मनीष गड़करी।

नगर निगम में ठेकेदार की इतनी मर्जी चल रही है कि कैसा भी निर्माण कार्य किया जाए बिल निकलना तो तय है। बस इसी तर्ज पर ठेकेदार देवेन्द्र धनौरिया निगम की बदौलत कई कॉम्पलेक्स और नाली पुल का निर्माण कार्य कर अपने व्यवसाय पर चार चाँद तो लगा रहे है परंतु आम जनता के साथ किया जा रहा यह धोखा कितना लाजमी है यह तो अटल कॉम्पलेक्स की दुकानों में दिख रहा है। दुकानों को बेचकर पांच करोड़ से भी ज्यादा का लाभ कमाने वाली निगम इतनी गुणवत्ताहीन दुकानें अपने ग्राहकों को सौपेंगी कि बेचने वालों को भी शर्म आ जाए। दुकानों में जगह जगह जमीन धंसने, दरारें आना अभी से शुरू हो गई है। जिसकी समय समय पर शिकायत तो की गई परंतु अधिकारियों ने कठोर कार्यवाही नहीं करने के कारण मामला रफादफा हो गया। दरअसल लापरवाही का यह आलम है कि 25 लाख की दुकान खरीदने के बाद भी स्लैब और दीवारे इतनी गुणवत्ताहीन है कि एक लात मारने पर धराशायी हो जाएगी। करोड़ों का यह कॉम्पलेक्स बमुश्किल दो से तीन साल बाद ही अपनी बदहाली की हालत बयां करने लगेगा। जबकि 25 और 75 लाख की दुकानों को बेचने के बाद भी निगम किराए के रूप में लाखों रूपए की कमाई करेगा। ऐसे में दुकान क्रेता सिर्फ जगह का ही मूल्य दे रहे है। वैसे भी इमलीखेड़ा चौक पर एनएच की जमीन पर निगम ने जो दुकानें बनाई है वे कभी न कभी सड़क चौड़ाई के दौरान टूटना तय है। नगर निगम के इंजीनियरों की यही लापरवाही का फायदा उठाकर ठेकेदार अपना उल्लू सीधा करने में लगा है लेकिन निगम के अधिकारियों का यह कर्तव्य है कि जिन शर्तों पर इस ठेकेदार को कार्य आदेश दिया गया है क्या वे अपने कर्तव्यों को पूर्ण कर रहे है। इस मामले में अधिकारियों को विशेष जांच दल से जांच कराकर ठेकेदार का पेमेंट तुरंत रोकना चाहिए ताकि आने वाले समय में किसी भी सरकारी निर्माण को इतनी लापरवाही से न तैयार किया जाए। अगर ठेकेदार दोषी पाए जाते है तो इन्हें ब्लेकलिस्टेड भी किया जाना लोकहित में होगा क्योंकि जनता की गाढ़ी कमाई के टैक्स से निगम की गाड़ी चलती है। ऐसे में जनता की गाढ़ी कमाई के साथ ये नइंसाफी कब तक।

## बाढ़ आपदा प्रबंधन की पूर्व तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में बाढ़ आपदा प्रबंधन की पूर्व तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न हुई । बैठक में बाढ़ आपदा संवेदनशील क्षेत्रों का आंकलन करते हुए वर्षाकाल के दौरान बाढ़ आपदा के नियंत्रण के संबंध में चर्चा की गई, पिछले वर्षों के अनुभव साझा हुए और प्रभावी नियंत्रण के संबंध में विभिन्न सुझाव लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये ।

बैठक में प्रभारी अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, एसडीएम चौरई श्री प्रभात मिश्रा, एसडीएम अमरवाड़ा श्री हेमकरण धुर्वे, एसडीएम परासिया श्री पुष्पेंद्र निगम व एसडीएम जुन्नारदेव सुश्री कामिनी ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्री आर.के.मेहरा, सीएमएचओ डॉ.एन.के.शास्त्री, अधीक्षक भू अभिलेख श्री पुष्पेंद्र पांडे सहित डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड, नगरपालिक निगम, विद्युत मंडल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं सभी संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी सभाकक्ष में उपस्थित थे, जबकि सभी तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ, बीएमओ वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुये।

### नगरीय निकायों को मानसून पूर्व तैयारियों के निर्देश

सभी नगरीय निकायों को एक सप्ताह के अंदर शहर के सभी नालों को डीलिस्टिंग करने, जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने और बाढ़ प्रभावित वार्डों की पूरी जानकारी जिला कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जर्जर भवनों का चिन्हांकन कर उन्हें ढहाने अथवा अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए नोटिस जारी करने के लिए भी निर्देशित किया है।

### आपदा संवेदनशील क्षेत्रों का आंकलन

बैठक में बताया गया कि जिले में 99 ग्राम व 04 शहरी क्षेत्रों को बाढ़ उन्मुख चिन्हित किया गया है। इन 99 ग्रामों में कुलबेहरा नदी के किनारे होने के कारण तहसील छिंदवाड़ा के 12 व तहसील मोहखेड़ के 7 गांव, पेंच नदी के किनारे होने के कारण तहसील छिंदवाड़ा, चौरई, चांद, परासिया, अमरवाड़ा के 26 गांव, भैसदेही नदी से तहसील जुन्नारदेव के 02 गांव, बेल नदी के किनारे होने के कारण तहसील जुन्नारदेव व मोहखेड़ के 03 गांव, टीटोरिया नदी के किनारे होने के कारण तहसील तामिया के 04 गांव, कन्हान नदी के किनारे होने के कारण तहसील मोहखेड़ व जुन्नारदेव के 09 गांव, हर्द नदी के किनारे होने के कारण तहसील हर्रई के 02 गांव शामिल हैं।

## सी आई एस एफ और पेंच व्हेली ने जीते मैच

**न्यूटन / परासिया** :- न्यूटन में आयोजित जय दुर्गे व्हाली बाल क्लब द्वारा आयोजित सांसद कप व्हाली बाल मैच में दिनांक 10 जून को हुए नाइट कोर्ट मैदान में दो मैच हुए । जिसमें पहले मैच में सी आई एस एफ क्लब परासिया और केवी क्लव बडकुही की टीम में मुकाबला हुआ । जिसमें सी आई एस एफ की टीम ने लगातार दो सेट में केवी क्लब बडकुही की टीम को पराजित कर मैच की विजेता रही और दूसरे मैच में पेंचव्हेली क्लब परासिया और यूनिक क्लब परासिया की टीमों के बीच मुकाबला हुआ । जिसमें पेंचव्हेली क्लब की टीम विजयी रही । मैच में रेफरी ईश्वर बाबरिया , बिल्फ्रेड जघरिया रहे । लाइनमेन हेमंत नवैत , सुधीर जैन रहे । मुख्य अतिथि दिनेश बघेल चौकी प्रभारी न्यूटन , महेश अग्रवाल , अशोक गौहर , श्री चंद पटेल , चंद्रमोहन श्रीवास , राहुल सराठी , दीपक बाथरी , हरि आठनकर , रमेश साहू , शिवनाथ कनोजिया , आशीष नीखरा , गोपाल भारद्वाज , अनवर हुसैन , विजय सोनी , हेमंत अग्रवाल , सुदीप डेहरिया , विवेक यादव ,ने खिलाड़ियों से भेंट कर उत्साह वर्धन किया ।

## पुलिस ने फ्रॉड के आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



देहात थाना पुलिस ने फ्रॉड करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

गत दिवस आवेदक अनमोल चरपे पिता गंगाधर चरपे उम्र 28 साल निवासी गुरैया रोड़ वार्ड नं. 40 थाना देहात छिंदवाड़ा ने एक लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट की गयी कि आरोपीगणो साधना इवनाती, राजा खत्री के द्वारा आवेदक अनमोल चरपे को षडयंत्र पूर्वक जान से मारने की धमकी देकर, ब्लैकमेल कर 300000/- (तीन लाख) रूपये केश एवं आन लाईन ट्रांजेक्शन कर रूपये वसूल करने तथा बलात्कार के केस में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर दस लाख रूपये की मांग लाख रुपये की मांग करने संबंधी आवेदन पत्र पेश किया जो आवेदन पत्र के अवलोकन से प्रथम दृष्टया आरोपीगण साधना इवनाती, राजा खत्री के विरुध्द अपराध क्रमांक 290/25 धारा-308(4),308(6), 61(2),351 (3) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय छिन्दवाडा श्री अजय पाण्डे एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आयुष गुप्ता (आईपीएस) के मार्गदर्शन में श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अजय राणा के निर्देशन में थाना प्रभारी देहात द्वारा त्वरित कार्यवाही कर टीम गठित की गई टीम द्वारा लगातार प्रयास कर प्रकरण के आरोपी 1. साधना पिता केशव इवनाती उम्र 22 साल सा. कोढिया थाना लावाघोघरी की गिरफ्तारी की गयी है तथा प्रकरण का अन्य आरोपी राजा पिता विजय खत्री उम्र 27 साल निवासी बजरंग नगर थाना देहात जिला छिन्दवाडा फरार है जिसकी तलाश जारी है। उक्त आरोपीगणो द्वारा पूर्व में भी अन्य आवेदक दिलीप सातपुते पिता रामनाथ सातपुते उम्र 28 वर्ष निवासी सांईनगर नोनिया करबल छिन्दवाडा के साथ भी इसी तरह से ब्लैकमेल कर षडयंत्र पूर्वक बलात्कार के केस में फसाने की धमकी देकर डराकर उससे 74000/-हजार रुपये केश एवं आन लाईन ट्रांजेक्शन कर रुपये वसूल करने तथा दस लाख रुपये की मांग करने पर थाना देहात में प्रकरण क्रमांक 202/25 धारा 308(6),61(2),351 (3) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया था जिसके अंतर्गत उक्त दोनो आरोपियो (1) साधना पिता केशव इवनाती उम्र 22 साल सा. कोढिया थाना लाबाघोघरी जिला छिन्दवाडा, 2. राजा पिता विजय खत्री उम्र 27 साल निवासी बजरंग नगर थाना देहात जिला छिन्दवाडा को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था जिन्हे माननीय न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया था।

**गिरफ्तार आरोपी** (1) साधना पिता केशव इवनाती उम्र 22 साल सा. कोडिया थाना लावाघोघरी जिला छिन्दवाडाविशेष भूमिका निरीक्षक जी. एस. राजपूत थाना प्रभारी देहात, उनि वर्षा सिंह, उनि देवकरण डेहरिया, आरक्षक- सौरभ बघेल की भूमिका रही।

## नगर निगम कर्मचारियों स्वच्छता अभियान के तहत की सफाई



**छिंदवाड़ा।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के नेतृत्व में महापौर श्री विक्रम अहाके एवं आयुक्त श्री सी.पी. राय के निर्देशन में शहर भर में व्यापक स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में सिद्धि विनायक वेस्ट मैनेजमेंट की टीम व नगर निगम के सफाई मित्रों द्वारा विभिन्न वार्डों में श्रमदान, जागरूकता रैलियाँ, एप प्रचार, और जनसंपर्क गतिविधियाँ आयोजित की गईं। वार्ड 26 – छोटा तालाब:यहाँ श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सफाई मित्रों, निगम कर्मचारियों एवं सिद्धि विनायक टीम ने क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में योगदान दिया। इसका उद्देश्य स्वच्छता के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना था। वार्ड 15 – काली चौक:यहाँ स्वच्छता महुआ एप की जानकारी दी गई, साथ ही **RRR** अभियान के अंतर्गत 'हर घर दस्तक' के जरिए पुराने कपड़े एकत्र कर जरूरतमंदों को वितरित किए गए। नागरिकों से फीडबैक लेकर उन्हें स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। वार्ड 16 – बंसल कॉलोनी:यहाँ कचरा प्रक्कीकरण संकल्प अभियान के तहत गीला, सूखा, घरेलू हानिकारक व सेनेटरी वेस्ट के वर्गीकरण पर विशेष जानकारी दी गई। साथ ही होम कंपोस्टिंग की विधि भी सिखाई गई। वार्ड 9 – मोहरली:यहाँ नागरिकों को स्वच्छता महुआ एप की सुविधाएं बताई गईं और फीडबैक व शपथ कार्यक्रम आयोजित हुआ। कचरा वर्गीकरण एवं जनभागीदारी को बढ़ावा दिया गया। वार्ड 42 – बस स्टैंड:यहाँ रेड स्पॉट की समस्या और उससे होने वाले दुष्परिणामों के प्रति लोगों को सचेत किया गया, साथ ही स्वच्छता एप का प्रचार-प्रसार हुआ। वार्ड 41 – दीनदयाल पार्क:स्वच्छता एप के उपयोग एवं कचरा प्रबंधन की जानकारी दी गई। ३प्रक्कीकरण संकल्प जन अभियान३ के तहत नागरिकों को गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण की अहमियत समझाई गई।

## पुलिस ने जब्त की 22 नग इमारती सागौन की लकड़ी

**मोहखेड़ पुलिस को मिली बड़ी सफलता, आरोपी गिरफ्तार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



मोहखेड़ पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद कलर की अशोक लिलेण्ड कम्पनी का बडा दोस्त पिकअप गाडी में अवैध रूप से जंगल से कटवाकर चुराकर सागौन की इमारती लकडी अवैध रूप से लेकर के ग्राम छावडी से कच्ची रोड होते हुए चारगांव की ओर जावेगा सूचना पर हमराह स्टाफ के छावडी से चारगांव रोड के बीच वाहन चैकिंग प्रारंभ किया।

थोडी देर बाद मुखबिर द्वारा बताया गया एक अशोक लिलेण्ड कम्पनी का बडा दोस्त पिकऑप गाडी बिना नंबर की आते दिखी है जिसे रोका गया वाहन चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम सतीश कुमार धारे पिता यादवराव धारे उम्र 32 साल निवासी ईक्कलबिहरी चौकी उमरानाला थाना मोहखेड़ का बताया गया जिससे वाहन में क्या लोड है पूछा तो बताया कि वाहन में इमारती लकडी सागौन है जो कुल्हाडी से छिती हुई है कि सिल्ली लोड है जिसे सिरकुही के जंगल से चुराकर लाना बताया जिससे मौके पर लाईसेन्स के सबंध में पूछताछ की गयी जिसके द्वारा कोई लाईसेन्स नहीं होना बताया गया एवं वाहन में 22 नग इमारती सागौन की लकडी लोड होना बताया जिसे त्रिपाल रस्सी के सहारे से एवं 20 बोरियो में जगंली पत्ते भरकर गाडी के अंदर रखा गया है जिससे लकड़ी हिलडूल न पाये एवं आवाज ना आने पाये, वाहन रोकने का मौके पर समक्ष साक्षियो के पंचनामा तैयार किया गया वाहन चालक द्वारा अवैध रूप से सागौन की लकडी चोरी कर लाया गया जो वाहन में भरी हुई है जिसकी विधिवत जप्ती हेतु लंबाई चौडाई मोटाई नापना आवश्यक है जिसमें वन विभाग के लोगो की मदद मदद ली जाना आवश्यक है एवं सभी लोड लकडियो नीचे उतरवाकर ही लंबाई चौडाई मोटाई नापी जा सकती है ऐसी परिस्थिति में घटना स्थल पर जहा गाडी मिली वहा करना संभव नहीं है अतः वाहन एवं वाहन में लोड तकडी व वाहन चालक शतीश कुमार धारे पिता यादवराव धारे एवं स्टाफ के साथ थाना लेकर के आया बाद वन विभाग के अधिकारियो कर्मचारियो को सूचना देकर तलब किया जो मौके पर थाना मोहखेड में बिहारीलाल पहाडे, वाजिद अली, हबीब खान, अतरलाल सुरेन्द्र सिंह हरिराम एवं श्रीमती सविता भलावी वनपाल परिक्षेत्र सहायक मोहखेड़ उपस्थित आये जिनके द्वारा वाहन में तोड लकडी को नीचे उतरवाकर सभी 22 नग सागौन की सिल्ली जो कुछ कुल्हाड़ी से कटी है एवं कुछ आरे से कटे है को विधिवत फारेस्ट के स्टाफ के द्वारा लंबाई चौडाई मोटाई नापी गयी विधिवत कार्यवाही करते हुये जप्ती किया गया है।

प्रकरण की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा श्री अजय पाण्डे के निर्देशन में जिले में अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों की निरन्तर धरपकड़ व अवैध कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों व अपराधों पर अंकुश लगाने व नियंत्रण हेतु दिशा निर्देश दिये जा रहे थे।

## सजल का आईआईएम अहमदाबाद में पीएचडी के लिए चयन



**छिंदवाड़ा।** भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद के डॉक्टोरल प्रोग्राम में छिंदवाड़ा शहर के छोटी बाजार निवासी इंजीनियर सजल जैन का चयन हुआ जो जिले सहित प्रदेश ही नहीं सम्पूर्ण देश के साथ सकल जैन समाज के लिए गर्व की बात है। आई.आई.एम. अहमदाबाद भारत सरकार की एन. आई. आर. एफ. रैंकिंग में वर्षों से प्रबंधन क्षेत्र में प्रथम स्थान पर रहा है। इस वर्ष हुई चयन प्रक्रिया में सजल जैन ने प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर कैंपस इंटरव्यू और लिखित परीक्षा में जगह बनाई, जिसमें उत्तीर्ण हो कर देश भर के सर्वश्रेष्ठ 20 स्कॉलर्स में पब्लिक सिस्टम ग्रुप के ऊर्जा क्षेत्र में एक मात्र पी.एच. डी. शोधार्थी के स्थान के लिए चयनित हुए।

## डालमिया सीमेंट ने मोबाइल मेडिकल यूनिट किया लॉन्च

**ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा को सशक्त बनाने के लिए हुआ शुभारंभ**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाने के लिए एक अहम पहल करते हुए, भारत की प्रमुख सीमेंट कंपनियों में से एक डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड (डीसीबीएल) ने अपने मंडला नॉर्थ कोल माइन टीम के माध्यम से विश्व पर्यावरण दिवस पर छिंदवाड़ा (मध्यप्रदेश) में मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) की शुरुआत की। इस मोबाइल यूनिट के माध्यम से डालमिया सीमेंट का उद्देश्य दुर्गम क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराकर इस क्षेत्र को सहायता प्रदान करना है। एमएमयू सात परियोजना-प्रभावित गांवों- बिछुआ पत्थर, सानवला ढाना, देवरी, सेठिया, सिरगोडा, मंडला और तेंदुखेड़ा में नियमित रूप से निःशुल्क चिकित्सा जांच और दवाइयों की सुविधा उपलब्ध कराएगी। इस यूनिट में एक डॉक्टर, एक नर्स और एक फार्मासिस्ट की टीम तैनात रहेगी। इस पहल की शुरुआत डालमिया सीमेंट के डिप्टी एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर – कोल ऑपरेशंस श्री संदीप कुमार जैन ने की। कार्यक्रम में कंपनी के अन्य अधिकारी और वॉकहार्ट फाउंडेशन के टीम लीडर श्री समीर जायसवाल भी मौजूद रहे।इस अवसर पर डालमिया भारत के नेशनल मैन्युफैक्चरिंग हेड श्री गणेश जिरकुंतवार ने कहा, ३डालमिया भारत में हमारा मानना है कि समुदायों का स्वास्थ्य और कल्याण ही हमारे सतत विकास के विज़न का मूल आधार है। मोबाइल मेडिकल यूनिट की शुरुआत इस बात का प्रमाण है कि हम दूर-दराज और उपेक्षित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को पूरा करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इस पहल के माध्यम से हम उन ग्रामीणों तक जरूरी चिकित्सा सुविधाएं पहुँचाना चाहते हैं, जिन्हें अब तक बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं भी आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाती है। इस प्रयास को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए हम वॉकहार्ट फाउंडेशन के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।३डालमिया भारत ग्रामीण समुदायों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति अपने संकल्प पर स्थिर है। कंपनी का उद्देश्य सतत विकास को बढ़ावा देकर मजबूत और आत्मनिर्भर समुदायों का निर्माण करना है।

### सांसद ने करोडों के निर्माण कार्यों की दिलाई स्वीकृति

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए करोड राशि की स्वीकृति दिलाई है। पेच व्यपवर्तन वृहद परियोजना अंतर्गत चतुर्थ पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति में पुर्नवास एवं विस्थापन के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य होंगे। जिसके लिए शासन के द्वारा 30.66 करोड का कार्य का प्रावधान रखा गया है। निविदा के फाईनल होने के बाद कार्य प्रारंभ किये जायेंगे।

**भाजपा-कांग्रेस नेताओं के दिन में निकल रहे रेत चोरी के वाहन, कार्रवाई से कतरा रहे अधिकारी**

## वन भूमि की नदियों से राजस्व की भूमि में किया जा रहा है रेत का भंडारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया




तामिया तहसील के कुर्सी ढाना, बांगई दौरिया खेडा, देलाखारी, कपूरनाला, कोहपानी क्षेत्र में वन भूमि की नदियों से से रेत की लंबे अरसे से चोरी इन नदियों में रसूखदार रेत चोरों ने वन भूमि की नदियों से रेत का अवैध उत्खनन वन विभाग की मिली भगत शुरू किया और रात दिन इन वन भूमि में बहने वाली नदियों से रेत का अवैध खनन कर रहे हैं। रेत के धंधे में सबसे खास बात यह है कि खनिज निरीक्षक ग्रामीणों द्वारा सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बावजूद भी रेत चोरी पर कार्रवाई करने राजी नहीं है जिससे लोगों में विश्वास हो गया की रेत चोरों को खनिज निरीक्षक का खुला संरक्षण है। इस कारण दिन में निकल रहे रेत चोरी के वाहनों पर कार्रवाई करने को तनिक भी राजी नहीं है और यहां पर शाम से लेकर सुबह तक दर्जनों ट्रक ट्रैक्टर खुलेआम रेत लेकर निकल रहे हैं। तामिया तहसीलदार की कार्रवाई करने की भी मंशा नहीं है। उन्होंने भी आज तक कोई दिन रात निकल रहे वाहनों पर कार्रवाई करने जैसा प्रयास नहीं किया। इस चोरी में भाजपा और कांग्रेस के नेता संयुक्त रूप से रेत चोरी करने लगे हैं। इससे भी अधिकारियों को कार्रवाई नहीं करने का बल मिलता है क्योंकि अब भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के रेत से भरे ट्रक दिन में रेत लेकर निकल रहे हैं, वहीं भाजपा का नेता रेत चोरी कर सत्ता के दम पर रेत के वाहन निकाल रहा है जिससे उसको तो फायदा हो रहा है लेकिन भाजपा की छवि धूमिल हो रही है। वहीं कांग्रेस के नेता अपने मंथली के दम पर दिन के उजाले में रेत के वाहन निकाल कर भाजपा नेता के साथ हम कदम रेत चोरी में देखे जा सकते हैं। इस तरह तामिया में सत्ता और विपक्ष का रेत चोरी में गठजोड़ चोरी का मुख्य कारण बना हुआ है। इसी गठजोड़ के भरोसे अधिकारी भी शिकवा शिकायत से बचे हुए हैं।

ग्रामीणों की शिकायत को इन्हीं नेताओं के भरोसे नजरअंदाज कर रेत की चोरी खनिज विभाग द्वारा खुलेआम करवाई जा रही है जबकि कलेक्टर समय-समय पर खनिज एवं राजस्व विभाग को रेत चोरी पर अंकुश लगाने के निर्देश देते हैं लेकिन उनके आदेशों निर्देशों को रेत चोरों को लाभ दिलवाने के चक्कर में नजर अंदाज किया जाता रहा है। इस तरह तामिया में प्रतिदिन सैकड़ो घन मीटर रेत की चोरी के कारण शासन को राजस्व की हानि उठानी पड़ रही है।

### श्री छत्रपति शिवाजी चौक में हो सकती है बड़ी दुर्घटना

# बेलगांव नाके को बनाया जाए छिंदवाड़ा बसों का टर्निंग प्वाइंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



लंबे समय पर नगर के व्यस्ततम चौक चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की मांग नगर वासियों के द्वारा की जा रही है।परंतु प्रशासन में बैठे हुए जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा इस विषय पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके चलते आए दिन नगर के चौक चौराहे पर दुर्घटनाएं घटित हो रही है। इन दोनों सबसे अधिक दुर्घटनाएं एवं आवागमन को लेकर लोगों को डर नगर के श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक एवं मोहगांव मार्ग पर सताता है। इस चौक पर छह रास्तों से आने वाले यातायात वाहने पदयात्रियों के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है। पूर्व में हुई कई दुर्घटनाओं में लोगों की जाने तक जा चुकी है। वहीं दूसरी और छिंदवाड़ा से आने वाली बसे इसी चौक से टर्न लेकर सौसर बस स्टैंड की ओर जाती है। बसो का टर्न लेते समय श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक और नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। कई बार मोहगांव ओर नागपुर मार्ग की ओर से आने वाले वाहनों की टर्निंग के दौरान भीड़ित की घटनाएं भी यहां पर घटित हो चुकी है। नगरवासी राकेश बेस ने बताया छिंदवाड़ा की ओर से आने वाली बस चालकों के द्वारा बसों को गजानन कॉलोनी फिर बेलगांव मार्ग से टर्न लेकर सौसर बस स्टैंड की ओर लाना चाहिए। श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से जब बसे टर्न लेती है उसे समय किसी दिन बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। साथी श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर प्रशासन के द्वारा यातायात कर्मी की भी व्यवस्था बनानी चाहिए ताकि इस मार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं ओर वाहनों की गति पर रोक लगाई जा सके।

## प्रशासन को है शायद किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार

तहसील कार्यालय से लेकर तो श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर सबसे अधिक यातायात एवं स्कूली छात्र-छात्राओं महिलाओं बुजुर्ग युवाओं की आवाजाही रहती है।मोहगांव मार्ग पर कोचिंग संस्थान के अलावा बड़े पैमाने पर बैंक स्कूल होटल आदि का संचालन हो रहा है। बैंक और कोचिंग संस्थान के कारण इस मार्ग से बड़े पैमाने पर छात्र-छात्राओं के साथ महिलाओं का आवागमन लगा रहता है। पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के चलते बैंकों के सामने बड़े पैमाने पर दो पहिया वाहन चालक अपनी गाड़ियों को भी सड़क में खड़ी कर कब्जा कर लेते हैं। जिसके चलते अक्सर सर्विस रोड का आवागमन बंद हो जाता है और विवाद की स्थितियां बनती है। सुबह 10 से लेकर 1 तक और शाम को 5 से 8 बजे तक इस चौक में यातायात का दबाव बढ़ जाता है। लंबे समय पर नागपुर छिंदवाड़ा पांढुर्णा मोहगांव इस ओर से आने वाली गाड़ियों की भी यहीं पर पार्किंग की जाती है। पूर्व में कई बार प्रशासन से यहां पर ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था बनाने की मांग नगर वासियों के द्वारा की गई है।परंतु जिम्मेदारों के द्वारा ध्यान नहीं देने के चलते समस्या जस की तस बनी हुई है।

# सिंगोड़ी में बनी बिजली वोल्टेज समस्या की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत सिंगोडी में इन दिनों नई आबादी क्षेत्र के ग्रामीण उपभोक्ता बिजली वोल्टेज समस्या की परेशानी से काफी परेशान है। लगभग चार माह से नई आबादी क्षेत्र के लोग अपने घर में बिजली वोल्टेज समस्या को लेकर काफी परेशान थे। भीषण गर्मी की तपन में रात रात भर सो नहीं पा रहे है कूलर पंखे नहीं चल रहे है जिसके कारण बच्चे बुजुर्ग सब बीमार हो रहे है लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियो को इस समस्या को लेकर सिंगोड़ी विद्युत मंडल को ज्ञापन भी सौंपा किंतु उसके बाद भी बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने लोगो के हितार्थ हेतू कोई उचित कदम नहीं उठाया और लोग लगातार परेशान होते हुए नजर आते रहे जिसके चलते लोगों का गुस्सा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सहित अन्य लोगों पर भी फूटते हुए देखा गया किंतु जैसे ही सोशल मीडिया सहित अनेक अखबारो ने आमजन की समस्याओं का मामला दमखम से उठाया तो उक्त भीषण समस्या से निजात दिलाने हेतू उक्त मामले को तत्काल विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा ने संज्ञान में लेते हुए बड़ी समस्या होने के कारण तुरंत ही अमरवाड़ा विधायक राजा कुंवर कमलेश प्रताप शाह से फोन पर बात कर बिजली वोल्टेज समस्या का कारण बताया और तुरंत ही समस्या के समाधान हेतू अमरवाड़ा सहायक अभियंता से बात की और समस्या का तत्काल निराकरण कर दो नवीन ट्रांसफार्मर लगाने की भी स्वीकृति प्रदान की इस भीषण गर्मी में लोगो के घरों में पंखे कूलर नहीं चलने से लोग बेहतासा गर्मी से बहुत परेशान होते हुए देखे जा रहे है इस भीषण समस्या को देखते हुए दो नए ट्रांसफार्मर सिंगोड़ी में वोल्टेज समस्या के समाधान हेतु लगाने के लिए इन्होंने स्वीकृति प्रदान की जिससे ग्राम सिंगोड़ी में हो रही वोल्टेज की समस्या का समाधान हो सकेगा और लोगों को सही तरीके से बिजली मिल सकेगी सिंगोड़ी ग्राम की वोल्टेज की समस्या के निदान के लिए विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह ने ग्राम में दो नए ट्रांसफार्मर स्थापना की स्वीकृति दिलाई है जिसका काम शीघ्र प्रारंभ होगा। साथ ही दूरभाष पर विद्युत विभाग के सहायक यंत्री श्री प्रजापति को तत्काल सिंगोड़ी पहुंच कर व्यवस्था सुधारे जाने के निर्देश दिए हैं। जिसकी जानकारी लोगो को लगने पर आम नागरिकों और बिजली उपभोक्ताओं ने अमरवाड़ा विधानसभा विधायक का आभार व्यक्त कर धन्यवाद प्रेषित किया है और जल्द समस्या के समाधान होने की राह देख रहे है।

# श्रीराम कथा की संकीर्तन यात्रा में लस्सी वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आशारामजी बापू द्वारा प्रेरित श्री योग वेदांत सेवा समिति ने एकल विद्यालय अभियान श्रीराम कथा संकीर्तन यात्रा में लस्सी वितरित की। जिले में संचालित 254 एकल विद्यालय समिति द्वारा इन दिनों स्थानीय गांधी गंज में श्री राम कथा का भव्य आयोजन चल रहा है। जिसमें वनवासी व्यास कथाकार सुश्री संगीता किशोरी जी ( रांची ) नगरवासियों को सनातन संस्कृति के महत्व से अवगत करवा रही हैं। श्री राम कथा आयोजन समिति ने जिले के सांसद विवेक ( बंटी ) साहू, म.प्र. सरकार के पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना, एकल विद्यालय अभियान के जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू, वरिष्ठ पत्रकार गोविंद चौरसिया एवं अन्य प्रतिष्ठित सेवा भावी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ संरक्षक में श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई को भी शामिल किया है। एकल विद्यालय अभियान के जिले भर के आदिवासी वनवासी क्षेत्रों में जब भी कोई भव्य आयोजन होता हैं वहाँ समिति की भागीदारी अवश्य होती हैं। समिति जिले भर की अन्य सेवा भावी संस्था के साथ मिलकर सेवा कार्य करती हैं। समिति के पदाधिकारियों ने वनवासी कथाकार का भव्य स्वागत कर श्रीफल, शॉल और गुलदस्ता भेंट किया। समिति द्वारा जारी संकीर्तन यात्रा में सैकड़ों वनवासी और शहरवासियों को निःशुल्क लस्सी ( मीठी छाछ ) वितरण की ।सनद रहे कि एकल विधालय अभियान ने जिले भर के हजारों आदिवासी ,वनवासीयो के बच्चों को शिक्षा का उचित मंच प्रदान किया है जो बेहद सराहनीय है। इस दैवीय कार्य में समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई, खजरी गौशाला के संचालक जयराम भाई, वरिष्ठ साधक एवं राष्ट्रीय तेली पिछड़ा वैश्य महासभा ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष भगवानदीन साहू, सुभाष इंगले ,बबलू माहोरे, नारायण ताम्रकार, भूपेश पहाड़े, रामराव लोखंडे, विमल शेरके, डॉ. मीरा पराड़कर, प्रीति सोंनारे, रुपाली इंगले, सुधा ताम्रकार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मैक्स हॉस्पिटल, नागपुर में रोबोटिक कैंसर सर्जरी से मरीजों को मिल रही नई उम्मीद

**डॉ. अभिनव देशपांडे एडवांस रोबोटिक सर्जरी के ज़रिए क्षेत्र के कैंसर मरीजों के लिए बन रहे है आशा की किरण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कैंसर के इलाज के क्षेत्र में एक बड़ी प्रगति करते हुए मैक्स हॉस्पिटल, नागपुर ने रोबोटिक ऑन्को सर्जरी की शुरुआत की है। यह अत्याधुनिक तकनीक कैंसर के इलाज के तरीके को पूरी तरह से बदल रही है। सर्जिकल ऑन्कोलॉजी और रोबोटिक ऑन्को सर्जरी विभाग के निदेशक डॉ. अभिनव देशपांडे की विशेषज्ञ देखरेख में यह तकनीक मरीजों को अधिक सुरक्षित, कम दर्दनाक और तेज़ रिकवरी का मार्ग प्रदान कर रही है।डॉ. अभिनव देशपांडे अपने अनुभव और संवेदनशील देखभाल के ज़रिए क्षेत्र के कैंसर मरीजों के लिए आशा की किरण बनते जा रहे हैं। उन्होंने बताया, "रोबोटिक ऑन्को सर्जरी एक अत्यंत सटीक तकनीक है, जहां हर मूवमेंट सर्जन द्वारा नियंत्रित किया जाता है, न कि रोबोट द्वारा। इससे हम उन अंगों में भी सर्जरी कर सकते हैं, जो पहले बहुत ही संवेदनशील या जटिल माने जाते थे।"यह तकनीक खास तौर पर फेफड़े, बड़ी आंत, किडनी, गर्भाशय, सर्विक्स, प्रोस्टेट और सिर-गर्दन जैसे जटिल स्थानों पर मौजूद कैंसर के लिए अत्यंत प्रभावी है। मैक्स हॉस्पिटल, नागपुर के अनुसार, इस तकनीक के कई लाभ हैं। इसमें छोटे चीरे लगाए जाते हैं, जिससे सर्जरी के बाद दर्द काफी कम होता है। मरीजों की रिकवरी तेज़ होती है और वे जल्दी सामान्य जीवन में लौट सकते हैं। रोबोटिक सर्जरी की सटीकता के कारण ऑपरेशन के दौरान खून का बहाव भी कम होता है। छोटे घावों की वजह से संक्रमण का खतरा भी कम रहता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह तकनीक ट्यूमर को बेहतर तरीके से हटाने में मदद करती है और आसपास के स्वस्थ टिशू को सुरक्षित रखती है, जिससे कैंसर कंट्रोल के बेहतर परिणाम मिलते हैं।डॉ. देशपांडे ने स्पष्ट किया कि हर मरीज के लिए रोबोटिक सर्जरी उपयुक्त नहीं होती, लेकिन जहां यह संभव है, वहां इसके परिणाम वाकई चमत्कारी होते हैं।मैक्स हॉस्पिटल में रोबोटिक ऑन्को सर्जरी सिर्फ कैंसर को हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मरीज की गरिमा और जीवन की गुणवत्ता को भी बनाए रखने में सहायक है। प्रोस्टेट सर्जरी से गुजरने वाले मरीजों में मूत्र नियंत्रण और यौन क्रियाशीलता बेहतर बनी रहती है। रेक्टल कैंसर से इलाज पाने वाले मरीजों में बाउल कंट्रोल बेहतर होता है। वहीं, सिर, गर्दन और स्त्री रोगों से जुड़ी सर्जरी में अंगों को सुरक्षित रखने की संभावना भी अधिक रहती है।मैक्स हॉस्पिटल, नागपुर में डॉ. अभिनव देशपांडे और उनकी टीम इस उन्नत कैंसर उपचार को क्षेत्र के मरीजों तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

## घोगरीखापा में हुआ अग्नि वीर राजू का सत्कार समारोह



**सौंसर।** बुधवार को अग्निवीर की ट्रेनिंग संपन्न कर प्रथम आगमन पर गृह ग्राम पहुंचे ग्राम घोघरी खापा में राजू रामेश्वर उइके का विधायक विजय चौरे ने अपने साथियों के साथ में स्वागत अभिनंदन कर उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाये दि,अपने भक्तों में विधायक श्री चौरे ने कहा कि सौसर क्षेत्र वासियों के लिए बड़े गर्व की बात है कि ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में युवाओ में देशभक्ति का जजबा है। उनके परिवार को मैं बधाई देता हूं जिन्होंने अपने बालक को देश की सेवा के लिए बिना हिचक किए अग्निवीर योजना के ट्रेनिंग के लिए भेजा था। राजू उइके से क्षेत्र के युवाओं ने प्रेरणा लेनी चाहिए।इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र येमदे, अरविंद हाते, शिक्षक सेंगर, राजेंद्र कोंघे, दीपक इंगोले, तुलाराम इवनाती नानेश्वर उइके, विश्वेश्वर उइके, मंगेश नवघरे,पवन ठाकरे, रामेश्वर उइके, सुनील बरदे, रमेश ठाकरे, आकाश गुड़धे,हेमंत गुड़धे आदि उपस्थित थे।

# पर्यटकों को वर्ष भर पर्यटन आर्कषण देने के लिये प्रारम्भ होगी गतिविधियाँ

**वर्तमान में स्थापित बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर के अलावा नई सुविधाएं देने पर विचार मंथन**



**बालाघाट।** कान्हा नेशनल टाईगर पार्क के बफर जोन में मानसून गतिविधियां प्रारम्भ करने के लिए बुधवार को जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। समिति के अध्यक्ष व कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने इस सम्बंध में कहा कि वर्तमान में जो जो आधारभूत संरचनाएँ है उसके साथ तथा जो आगे चलकर निर्मित की जानी है। दोनों के लिहाज से पर्यटन को बढ़ावा देने लिए सुझाव भी मांगे। उन्होंने कहा कि मानसून में पार्क की सफारी बन्द हो जाने के बाद पर्यटकों के लिए बफर में मानसून सफर के लिए मप्र टूरिज्म और वन विभाग के सहयोग से चिन्हित गतिविधियां प्रारम्भ की जाएगी। इसमें बैगा हाट को नए स्वरूप देना भी निर्धारित हैए जिसमें बैगा डांस के अलावा म्यूज़ियमए ओपेन थेटर के साथ ही कैफेटेरिया व रेस्टोरेंट प्रारम्भ करने के प्रस्ताव भी शामिल है। बैठक के दौरान बैहर के रिसॉर्ट एसोसिऐशन के प्रतिनिधिए जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफए बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ताएजनजाति कार्य विभाग प्रभारी श्री राहुल नायकए परिषद के सदस्य श्री अभय कोचर व कान्हा पार्क के अधिकारीए फारेस्ट एपरिवहनए एमपीईबी व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### बफर सफारी का काउंटर बनाया जाएगा

समिति की बैठक में रिसॉर्ट एसोसिऐशन के प्रतिनिधियों व सदस्यों ने गतिविधियों के सम्बंध में अपने सुझाव रखे। इसमें कान्हा पार्क में सफारी बन्द हो जाने के बाद से बफर जोन में सफारी शुरू के लिए अलग से काउंटर बनाये जाने का सुझाव आया है। इसके अलावा नेचर बेस गतिविधियों में ट्रैकिंग ट्रैलए मानसून गस्तए वॉच टॉवरए बर्ड विव्यूविंगएगढ़ी में हालोन नदी पर बन रहे डेम पर गतिविधि शुरू करने आदि सुझाव आये है। प्राप्त सुझावों पर संबधित विभागों को सम्भावित गतिविधियाँ प्रारम्भ करने के लिए रूपरेखा बनाने के निर्देश दिए गए।

### बैगा हाट संचालन के लिए नया फार्मूला

कलेक्टर श्री मीना ने समिति के सदस्यों और रिसॉर्ट एसोसिऐशन के प्रतिनिधियों से कहा कि मप्र टूरिज्म विभाग से कुछ राशि प्राप्त हुई है। जिससे बैगा हाट में ओपन थेटरए म्यूज़ियम व अन्य प्रस्ताव पर कार्य किया जाएगा।यहां टूरिस्म द्वारा कैफेटरिया स्थापित करने के लिए कार्य प्रारम्भ किया गया है। इसके अलावा रेस्टोरेंट भी ओपन करने का विचार रखा गया है। कलेक्टर श्री मीना ने प्रस्ताव दिया है कि रिसॉर्ट एसोसिऐशन में से कोई भी कुछ शॉप्स ले सकते है। जिससे बैगा हाट को संचालन के लिए राशि उपयोग में लायी जाएगी। बैगा हाट को व्यवस्थित करने के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में समिति बनाई जाएगी। जो बैगा हाट संचालन के लिए निर्णय करेगी। इस समिति में निजी व्यक्तियों को भी शामिल किया जाएगा। ओपन थिएटर में कान्हा पार्क पर आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाई जाने पर भी विचार किया गया है।

### अभी तत्काल में इन पर कार्य व अनुमति होगी शुरू

बैठक में विस्तार से हुई चर्चा के दौरान रिसॉर्ट असोसिएशन को कलेक्टर श्री मीना आश्वस्त करते हुए कहा कि वन विभाग के 2 व एमपी टूरिज्म के 1 वॉच टॉवर को तुरंत प्रारम्भ करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा ट्रैकिंग ट्रेल और मानसून गस्त के लिए रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए है।

### नेचर बेस्ड इन गतिविधियों पर होगा फोकस

बैठक के दौरान लिए सुझावों में चढ़ाईए ट्रेकिंगए बोटिंगए फिसिंगए रिवर क्रॉसिंगए जिप लाइनए एटीबी राइड पेंटए वॉल गेमए मड कार्ड आदि पर आने वाले समय में विस्तृत योजना तैयार की जाएगी।

**राजस्व विभाग की टीम ने किया सीमांकन**

# सीएम राइज स्कूल की जमीन पर ठोंका दावा

### 8 अलग-अलग खसरा नंबर की भूमि पर स्कूल भवन निर्माण



**कटंगी।** वर्ष 2016 में एक फिल्म आई नाम था 'वाह ताज', इस फिल्म में अभिनेता श्रेयस तलपड़े और मंजरी फडनीस ने 1653 में बने ताज महल पर अपने पूर्वजों की संपत्ति होने का दावा ठोककर हंगामा मचा दिया था. ऐसा ही कुछ हंगामा इस वक्त बालाघाट जिले के विकासखंड कटंगी में मचा हुआ है. कटंगी शहर के छतेरा के चौहान परिवार ने 67 वर्ष पहले बने हाईस्कूल जो अब सीएम राइज यानी संदीपनी स्कूल के नाम से जाना जाता है उसकी जमीन के एक हिस्से पर अपना दावा ठोक दिया है. जिससे शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है. इस परिवार का दावा है कि स्कूल की इमारत का एक हिस्सा उनकी जमीन पर बना हुआ है. यह दावा करते हुए परिवार ने बकायदा तहसील में सीमांकन के लिए आवेदन किया और इसी आवेदन के आधार पर राजस्व विभाग की एक टीम ने बुधवार को स्कूल की जमीन का सीमांकन किया. परिवार का दावा है कि उनके पास जो दस्तावेज है और सरकारी रिकार्ड है उसके अनुसार उनकी भूमि पर स्कूल की इमारत का निर्माण किया गया है. जबकि स्कूल का दावा है कि चौहान परिवार के पूर्वजों से शासन ने भूमि क्रय कर ली थी और कुछ जमीन पूर्वजों के द्वारा दान भी दी गई किंतु शासकीय अभिलेखों से नाम नहीं काटा गया और नामांतरण की कार्रवाई नहीं की गई जिस कारण शासकीय अभिलेखों में परिवार के सदस्यों का नाम प्रदर्शित हो रहा है.

बुधवार को भूमि का सीमांकन करने के बाद राजस्व निरीक्षक शंकर दयाल कौल ने बताया कि भू स्वामी ने अपने हक की जमीन पर स्कूल की इमारत बनी होने का अंदेशा जाहिर करते हुए सीमांकन करवाया था. जमीन पर इमारत निर्माणाधीन है. उधर, स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र गुप्ता ने दावा किया है यह जमीन दावा करने वाले परिवार के पूर्वजों ने स्कूल को दान कर दी थी. जिसकी रजिस्ट्री भी की गई किंतु शासकीय अभिलेखों से नाम नहीं हटाए गए. जब वर्ष 2022 में पूर्व के प्राचार्य के सक्षम यह विषय आया तो उन्होंने जिला कलेक्टर को एक पत्र लिखकर भूमि को स्कूल के नाम नामांतरण करने का निवेदन किया. खैर, इस आवेदन पर जिला कलेक्टर कार्यालय ने कोई कार्रवाई की या नहीं यह स्पष्ट नहीं हो पाया है. जमीन पर दावा करने वाले परिवार के सदस्य अंकित चौहान ने बताया कि यह जमीन उनके पूर्वजों की है. एक हिस्से की लिखा-पढ़ी उनके पूर्वजों ने की थी लेकिन दुसरा हिस्सा आज भी शासकीय अभिलेखों में उनके नाम ही दर्ज है. यह भूमि उनकी है जिस पर सरकारी स्कूल की इमारत बनी हुई है.

1956 में अस्तित्व में आए शासकीय हाईस्कूल की इमारत का कुछ अलग-अलग आठ खसरों में निर्माण है. राजस्व रिकार्ड के अनुसार खसरा नंबर 447/2, 448/2, 449/12, 449/22 शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय कटंगी के नाम दर्ज है, 449/10 जनपद सभा वारासिवनी के नाम दर्ज है जबकि तीन शेष खसरा 447/1 डालीराम पिता सुखराम वगैरह, 448/3 नीलचंद पिता मंगल वगैरह और खसरा नंबर 448/1 रूपलाल पिता बाना के नाम दर्ज है. इस रिकार्ड के आधार और मिशल के रिकॉर्ड के आधार पर डालीराम चौहान के परिवार ने जमीन पर अपना दावा ठोका है. जिस जमीन पर तीन लोगों के नाम प्रदर्शित हो रहा है उस जमीन पर मौजूदा वक्त में स्कूल की इमारत बनी हुई है. खास बात यह है कि जमीन का यह पूरा विवाद तब सामने आया जब चौहान परिवार में जमीनों का हिस्सा हुआ तब उन्हें पता चला कि उनकी भूमि हाईस्कूल के पास भी है. खैर, जमीन का पूरा विवाद जांच का विषय है. जिस जमीन को लेकर विवाद है उसकी बाजार कीमत आज कई लाख रुपए में है. चौहान परिवार सरकारी दस्तावेजों और रिकार्ड के आधार पर जमीन में अपना दावा कर रहा है जबकि संस्था के प्राचार्य भूमि दान देने और रजिस्ट्री की बात कर रहे है.

## अधिक उत्पादन देने वाली उन्नत किस्म रू जेआर 81 एवं जेआर 206 का चुनाव करें किसान भाई

**बालाघाट।** जिले में प्री.मानसून बारिश की शुरुआत के साथ ही सूखी नर्सरी के लिए भूमि की तैयारी की जा सकती है। केवीके से प्राप्त प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी गई है कि किसान कीटों के लार्वा को नष्ट करने के लिए गहरी जुताई करें और पानी का एक समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए भूमि को समतल करें। अभी की स्थिति में जिस किसान भाई के पास सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हैं वही किसान धान की नर्सरी बोयें एवं जिस किसान के पास सिंचाई की सुविधा उपलब्ध नहीं हैं वह किसान 100 सेंटीमीटर पानी गिरने की राह देखे तत्पष्चात ही नर्सरी की तैयारी करें। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉण एसणआरण धुवारे ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्रए बड़गांवए बालाघाट में धान की अधिक उपज देने वाली किस्म जेणआरण 81 एवं जेणआरण 206 का ष्प्रजनक बीजष केन्द्र में उपलब्ध हैं जिसकी पकने की अवधि 115.122 दिनए दाना मध्यम मोटाए सूखा हेतु सहनषील किस्मए औसत उत्पादन 60.65 क्विंटलध्हेक्टेयर साथ ही कीड़े एवं बीमारियों के प्रति सहनषील हैं। धान की बुवाई से पहलेए बीजों को कार्बेन्डाजिम 12रू मैन्कोजेब 63ः डब्ल्यूपी दवा 2ण5 ग्रामध्किलो ग्राम बीज के साथ या ट्राईकोडर्मा विरिडी 10 ग्रामध्किण्ग्राण बीज की दर से उपचारित किया जाना चाहिए। जो किसान भाई धान की डीणएसणआरण पद्धति ;सीधी बुवाईद्ध से बुवाई करते हैं वो किसान बुवाई के 3 दिन के भीतर प्री.इमर्जेंस हर्बिसाइड जैसे प्रेटिलाक्लोर 50ः ईसी दवा 1250 मिलीध्हेक्टेयर या पाइराजोसल्फ्यूरॉन 10ः डब्ल्यूपी दवा 200 ग्रामध्हेक्टेयर का इस्तेमाल करें या बुवाई के 15.20 दिन बाद बिसपायरीबैक सोडियम 10ः एसणसीण दवा 250 मिलीध्हेक्टेयर का इस्तेमाल करना चाहिए। कृषि विज्ञान केन्द्रए बड़गांवए बालाघाट में अरहर की अधिक उत्पादन देने वाली किस्म ष्पीणकेण्व्ही ताराष उकटा प्रतिरोधी फली छेदक एवं सूखे के प्रति सहनशील और लगभग 15.16 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज देने वाली किस्म उपलब्ध हैं किसान भाई केन्द्र से उक्त उन्नत बीज प्राप्त कर सकते हैं।

## गौ शाला की गायों के लिए आदर्श सोनू जैन ने दिए 11 हजार रुपये दान

**वारासिवनी।** शास्त्रों के कथन अनुसार सभी मनुष्यों को जीवन में एक बार गौ दान अवश्य करना चाहिए, शास्त्रों में गौ दान के विशेष महत्व बताए गए हैं, जिससे मनुष्य जीवन भर लाभान्वित होते रहता हैं। गौ माता के सभी अंगों में देवताओं का वास होता हैं। चंदन नदी के तट पर ग्राम पंचायत मोहगॉव के ग्राम बिठली में स्थित श्रीराम बालाजी गौशाला में शासकीय सहायता के अभाव के चलते गायों को भूखों मरने की नौबत आन पड़ी थी। लेकिन रामपायली व आसपास के लगभग 50 युवा जनों ने अपनी एकजुटता दिखाकर इस गौशाला के बहु उद्देश्य को पूर्ण करते हुए गौ पूजन, गौ सेवा की मिसाल कायम करते हुए दिन-रात यहां अपनी-अपनी सेवाएं सुचारू रूप से देने का कार्य प्रारंभ किया हैं। जिसके चलते बालाजी गौशाला में वर्तमान समय में गायों की सुचारु सेवा होते हुए उनके भोजन की व्यवस्था भी बखूबी होते आ रही हैं। नागरिकों ने बनाई हैं गौशाला की देखरेख के लिए कमेटी इस कार्य के लिए एक कमेटी का निर्माण भी किया गया है, कमेटी के माध्यम से आम जनों को गौशाला में गौ दान के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में वारासिवनी नगर के प्रतिष्ठित नागरिक विनोद जैन के सुपुत्र आदर्श सोनू जैन ने अपने परिवार सहित गौशाला पहुंच कर एक गाय को गोद लिया। जिसके लिए उनके द्वारा गौशाला में 11000 रुपये का दान दिया गया हैं, जिससे गायों के लिए चारे की व्यवस्था की गई हैं। यह अनोखा उदाहरण मिसाल तो बना ही हैं साथ ही लोगों के लिए प्रेरणा भी बना हैं। स्थानीय समिति ने नागरिकों से मांग की है कि वह सभी श्री राम बालाजी गौशाला पहुंच कर गायों को गोद लेकर उनके भोजन की सुचारु व्यवस्था के लिए एक कदम गौ दान के लिए आगे बढ़ाएं। गौशाला समिति के गौ सेवक राकेश कुमार जैन ने बताया कि धर्म में गौसेवा का विशेष महत्व हैं, जीवन की श्रेष्ठता के लिए गौ सेवा, गौ दान का विशेष महत्व है।

**खबर संक्षेप**

## अखिल भारतबर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष बने राजू यादव



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अखिल भारतबर्षीय यादव महासभा मध्यप्रदेश के अध्यक्ष जगदीश यादव (दादा) जी के आदेशानुसार एवं महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बलवीर सिंह यादव जी, की अनुशंसा पर राजेश राजू यादव पार्षद विवेकानंद वार्ड एवं भाजपा नगर उपाध्यक्ष को महासभा के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है । अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने राजेश राजू यादव को जिला पद पर मनोनत करते हुये कहा है कि आप पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी, एवं लगन के साथ यादव महासभा के उत्थान एवं प्रगति के लिए कार्य करेंगें।

## आज निकलेगी कबीर साहेब की शोभायात्रा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भैरोगंज स्थित सत्य कबीर निकेतन में सत्यगुरू कबीर साहेब का प्राकट्य महोत्सव आज 11 जून को भक्तिभाव से मनाया जाएगा। इस मौके पर सुबह 9.30 बजे बाजे-गाजे के साथ कबीर साहेब की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो भैरोगंज के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापिस निकेतन पहुंचेगी। इस मौके पर समाज के महिला,पुरूष, युवक-युवती शामिल होंगे। शोभायात्रा वापिस निकेतन पहुंचेगी जहां पूजन-अर्चन व भजन का आयोजन होगा। शाम को 7 बजे से प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

# रिश्वत लेते धराए राजेश शर्मा लोकायुक्त टीम की कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** महेश राय पिता श्री कंचनलाल राय उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम समनापुर पोस्ट डोकररांजी पुलिस चौकी पलारी जिला सिवनी आरोपी-राजेश कुमार शर्मा पिता स्वर्गीय श्री जगन्नाथ प्रसाद शर्मा उम्र 58 वर्ष पद कार्यवाहक उप निरीक्षक पुलिस चौकी पलारी थाना केवलारी जिला सिवनी घटना दिनांक--11-06-2025 घटनास्थल-पुलिस चौकी पलारी थाना केवलारी जिला सिवनी रिश्वत राशि- ₹ 6,000/- विवरण =आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त जबलपुर को शिकायत की कि दिनांक 7 5.2025 को मेरे ट्रैक्टर क्रमांक MP 22 AB 4308 जिसमें थ्रेसर लगा था से गांव की महिला नर्मदा मरावी के पैर में चोट लग गई जिसका मामला पुलिस चौकी पलारी में कायम हुआ मामले को कमजोर करने के एवज में पुलिस चौकी प्रभारी श्री राजेश शर्मा के द्वारा ₹15000 रिश्वत की मांग की जा रही है, शिकायत सत्यापन उपरांत आज दिनांक 11/06/2025 को पुलिस चौकी पलारी थाना केवलारी में चौकी प्रभारी कार्यवाहक उप निरीक्षक राजेश कुमार शर्मा को रिश्वत राशि ₹ 6000/- लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया तथा आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम1988 (संशोधन)2018 की धारा-7, 13(1)B, 13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है ।



ट्रेप दल सदस्य-उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती नीतू त्रिपाठी, निरीक्षक नरेश बेहरा, निरीक्षक कमल सिंह उईके, एवं लोकायुक्त जबलपुर का दल।

# महिलाओं ने आबकारी अफसर को दिया अल्टीमेटम शराब दुकान न हटी तो परिणाम गंभीर होंगे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी। सिवनी जिले के धनौरा में स्थित शराब दुकान के विरोध में महिलाओं ने कलेक्टर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। साजपानी और जामुनपानी की महिलाओं ने शराब दुकान के कारण हो रही समस्याओं को लेकर आबकारी अधिकारी से भी शिकायत की।**

महिलाओं ने आबकारी अधिकारी को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि जल्द ही शराब दुकान नहीं हटाई गई तो खेर नहीं होगी। वे उग्र अंदोलन करेंगी। महिलाओं ने बताया कि शराब दुकान स्कूली बच्चियों के रास्ते पर स्थित है। यहां से शिक्षक और अन्य विभागों की महिला कर्मचारियों का आना-जाना होता है। शराबियों की मौजूदगी से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने कहा कि शराब के कारण घरेलू हिंसा बढ़ी है। उनके पति और युवा बच्चे नशे की लत में घर का अनाज, गहने और बर्तन तक बेच रहे हैं। शराब पीकर वे मां, बेटी और पत्नी के साथ मारपीट करते हैं। इस मुद्दे को लेकर महिलाएं पहले भी दो बार धनौरा क्षेत्र में आंदोलन कर चुकी हैं।



लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि अगर शराब दुकान नहीं हटाई गई तो वे उग्र आंदोलन करेंगी।

# सामुदायिक पुलिसिंग के अन्तर्गत किशोर वर्ग के लिये सृजन युक्त कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिनांक 11.06.2025 को पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं सुनील मेहता पुलिस अधीक्षक जिला सिवनी के ओदशानुसार पुलिस कंट्रोल रुम जिला सिवनी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पूजा पाण्डेय की उपस्थिति में सामुदायिक पुलिस कार्य व्यवस्था के अन्तर्गत सृजन कार्यक्रम के द्वारा किशोर वर्ग के बालक बालिकाओं के संरक्षण एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम को सृजन यूथ कैम्प के माध्यम से कियान्वित किया गया। जिसमें स्कूल शिक्षा विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं महिला बाल विकास के प्रशिक्षक एवं व्याख्याता द्वारा किशोर वर्ग के लगभग 100 बालक बालिकाओं को खेल, शिक्षा, कानून, व्यक्तित्व विकास, अधिकार, संरक्षण, कैरियर विजन, फिटनेस, चरित्र निर्माण, सायबर अपराध से बचाव एवं बाल अपराध से संबंधित महत्वपूर्ण कानून की जानकारी से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास से विशेषज्ञ अमित डकैता, बाल संरक्षण अधिकारी विकास दुबे, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी मति मनु धुर्वे, अब्दुल हक, फैजल खान, मति रंजना भलावी, शिक्षा विभाग से अनिल सिंह राजपूत, प्रदीप वर्मा, अश्वनी तिवारी एवं पुलिस विभाग से रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू, सूबेदार जितेन्द्र रावतकर, मति शशिकला बहेटवार उपस्थित रहें ।



### पूर्व सांसद डॉ. बिसेन के पत्र पर मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

# नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य करने का ओदश किया जारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन द्वारा गत 22 मई 2025 को मुख्यमंत्री म.प्र. शासन को प्रदेश में वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य किये जाने संबंधी भेजे गये पत्र पर मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा संज्ञान लेते हुए संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल को आदेश जारी करने के निर्देश के परिपालन में प्रमुख अभियंता प्रदीप एस.मिश्रा नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. द्वारा प्रदेश की समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद, नगर परिषद, समस्त आयुक्त नगरपालिक निगम एवं समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी छावनी परिषद को 9 जून 2025 को समस्त भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य करने का आदेश जारी कर दिया है। आदेश की प्रतिलिपी पूर्व सांसद डॉ. बिसेन को भी भेजी गई है।

उल्लेखनीय है कि गत 22 मई 2025 को पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन द्वारा मुख्यमंत्री म.प्र. शासन को इस आशय का पत्र लिखा गया था कि प्रदेश में ही नहीं देश में भी पेयजल एवं अन्य उपयोग में आने वाले जल की समस्या धीरे धीरे गम्भीर रूप ले रही है। इस समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण हो सकता है यदि भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग करना अनिवार्य कर दिया जाये। डॉ. बिसेन ने यह भी ध्यान आकृष्ट किया था कि सभी नगरीय निकायों में भवन निर्माण की अनुमति के दौरान रेन वाटर हार्वेस्टिंग के नाम पर दस हजार रूपये जमा कराये तो जाते हैं किंतु भवन का निर्माण करने वाले ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था की है कि नहीं यह नहीं देखा जाता। डॉ. बिसेन ने पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि मकान मालिक निर्माणाधीन मकान में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था नहीं करता है तब प्रावधान है कि संबंधित नगरीय निकाय जमा किये गये दस हजार रूपये से यह व्यवस्था बनाये। प्रायः देखने में आया है कि इस संबंध में नगरीय निकाय कोई ध्यान नहीं दे रहा है।



डॉ. बिसेन द्वारा दिये गये पत्र पर मुख्यमंत्री म.प्र. शासन द्वारा संज्ञान लेते हुए संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल को रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया गया जिसके परिप्रेक्ष्य में प्रमुख अभियंता नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा प्रदेश की समस्त नगरीय निकायों को 9 जून 2025 को भवन अनुज्ञा के साथ ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य करने का आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत प्रत्येक नगरीय निकायों में 10 रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्टेक्चर बनाने का लक्ष्य भी दिया गया है।



## डी सी कुलेश ग्रेड 2 ने ज्वाइनिंग किया

**केवलारी-** केवलारी मे 4 दशक पूर्व कालेज के शुभारंभ समकाल पर पदस्थ रहे, डी सी कुलेश ग्रेड -2 की लम्बे समय बाद पुनः बापिसी हुयी। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा जारी आदेश दिनांक 9 जून 2025 मे डी सी कुलेश ग्रेड -2 का शासकीय महाविद्यालय घंसौर से ट्रांसफर होकर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय केवलारी मे हुआ ।

# 34वी सीनियर राष्ट्रीय वुशु स्पर्धा राजस्थान में, मध्यप्रदेश का नेतृत्व करेंगे प्रकाश कुशवाहा एवं योतिश लांजेवार



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

सिवनी. मध्य प्रदेश वुशु संघ द्वारा जबलपुर में दिनांक 2 से 3 मई तक खेल एवं युवा कल्याण विभाग के रानीताल में स्थित इंडोर हाल में 2 दिवसीय मध्य प्रदेश सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वुशु स्पर्धा का आयोजन किया गया ।

इस स्पर्धा में सिवनी जिले के मुख्य वुशु प्रशिक्षक सचिव जिला वुशु संघ सिवनी सोहन लाल सेन के साथ सिवनी जिले के खिलाड़ियो ने भाग लिया जिसमे 11 स्वर्ण 9 रजत 3 कांस्य पदक जीते थे जिसमें प्रकाश कुशवाहा ने कुंगफू सॉफ्ट वेपन्स में में एवं योतिश लांजेवार ने 85 किलोग्राम भार वर्ग में अपने प्रतिद्वंद्वी खिलाडियों को हराकर रास्ट्रीय स्पर्धा में चयनित हुए। साथ ही देवास जिले में भारतीय वूशु संघ द्वारा आयोजित चयन स्पर्धा से भी चयनित हुए। खिलाड़ी राजस्थान के जिले जयपुर में स्थित पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में दिनांक 14 से 19 जून तक भाग लेंगे एवं मध्यप्रदेश टीम का नेतृत्व करेंगे। ज्ञातव्य है कि योतिश लांजेवार स्कूल गेम्स की राष्ट्रीय स्पर्धा में पदक जीत चुके है ।

ज्ञातव्य है कि सभी खिलाडी महावीर व्यायामशाला सुभाष वार्ड सिवनी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है । वर्ष भर खिलाड़ियों को संस्था में निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है । संस्था से प्रशिक्षित खिलाड़ी प्रतिवर्ष राज्य एवं राष्ट्रीय स्पर्धाओं में सैकड़ों पदक जीत कर सिवनी जिले ही नहीं राज्य का भी नाम रोशनकर रहे है।

### सिवनी के खिलाड़ियों को जयपुर में 14 से 19 जून तक राष्ट्रीय मंच पर खेलने का अवसर

सिवनी - राजस्थान के जयपुर स्थित पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में 14 से 19 जून तक आयोजित होने जा रही 34वीं सीनियर राष्ट्रीय वुशु स्पर्धा में मध्यप्रदेश टीम का नेतृत्व सिवनी के दो होनहार खिलाड़ी प्रकाश कुशवाहा एवं योतिश लांजेवार करेंगे। इन दोनों खिलाड़ियों ने हाल ही में जबलपुर के रानीताल इंडोर हॉल में मध्यप्रदेश वुशु संघ एवं खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा 2 व 3 मई को आयोजित राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। सिवनी जिले के मुख्य वुशु प्रशिक्षक सोहनलाल सेन के निर्देशन में खिलाड़ियों ने 11 स्वर्ण, 9 रजत एवं 3 कांस्य पदक अर्जित किए। प्रकाश कुशवाहा ने कुंगफू सॉफ्ट वेपन्स वर्ग में और योतिश लांजेवार ने 85 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य विजेता बन राष्ट्रीय स्पर्धा में चयन पाया। इसके अतिरिक्त, दोनों खिलाड़ी देवास में आयोजित भारतीय वुशु संघ की चयन स्पर्धा में भी सफल रहे।

# प्राचीन सूर्य मंदिर टैगोर वार्ड में चतुर्थ पाटोत्सव का भव्य आयोजन

### धार्मिक परंपराओं, भक्ति भाव और विकास कार्यों का होगा संगम

**टैगोर वार्ड स्थित प्राचीन सूर्य मंदिर में आगामी 12 और 13 जून को चतुर्थ पाटोत्सव का दो दिवसीय आयोजन बड़े धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ किया जा रहा है।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

यह आयोजन शनिधाम ट्रस्ट पलारी सीलादेही के तत्वावधान में संपन्न होगा। कार्यक्रम में जिले भर के धर्मप्रेमियों की गरिमामयी उपस्थिति की अपील की गई है।

### विधिवत पूजन से होगा शुभारंभ

कार्यक्रम के संयोजक संतोष अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 जून गुरुवार को प्रातःकाल भोले बाबा ब्रह्मचारी के सान्निध्य में पंडित नीरज तिवारी, पंडित आशु तिवारी एवं अभिषेक तिवारी की उपस्थिति में गणेश-गौरी पूजन एवं ध्वजारोहण के साथ आयोजन का शुभारंभ होगा।



### वृक्षारोपण व विकास कार्यों का लोकार्पण

इसी दिन प्रातः 11 बजे एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण भी अतिथियों द्वारा किया जाएगा। तत्पश्चात विधायक निधि एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से स्थापित ओपन जिम, तोरण द्वार एवं अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण विधायक दिनेश राय मुनमुन, भाजपा जिला अध्यक्ष मीना बिसेन, नगरपालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया एवं वार्ड पार्षद साक्षी डागोरिया द्वारा किया जाएगा।

### सूर्य आराधना व भजन संध्या

13 जून शुक्रवार को प्रातः सूर्य अभिषेक, सूर्यार्चन, सूर्याघ्र्य एवं आदित्य हृदय स्तोत्र का सामूहिक पाठ किया जाएगा। शाम 4 बजे भगवान सूर्य की आरती के उपरांत भंडारा प्रसाद वितरण किया जाएगा। रात्रि में श्रद्धालुओं के लिए भजन संध्या का भव्य आयोजन भी होगा।

### धर्म, प्रकृति और विज्ञान का संगम

इस कार्यक्रम को लेकर महिला समिति एवं दुर्गा उत्सव समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से उपस्थित होकर पितृ शांति हेतु अर्घ्य अर्पण की अपील की है। सूर्य उपासना केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि यह स्वास्थ्य, अनुशासन एवं प्रकृति सम्मान की वैज्ञानिक जीवनशैली भी है। भगवान सूर्य को तेजस्विता, आरोग्यता और आत्मिक शक्ति का प्रतीक माना गया है। प्राचीन सूर्य मंदिर की विशेषता इसकी स्थापत्य कला और परिसर में विद्यमान धार्मिक महत्व वाले वृक्षों अंबाला, पीपल, रुद्राक्ष, सिंदूर, कदम, बढ़, समी, अशोक में भी देखी जा सकती है, जो श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा, मानसिक शांति और प्राकृतिक संतुलन का संदेश देते हैं।

### सेवा, सुशासन और जनकल्याण" के 11 वर्ष पूर्ण - विकास प्रदर्शनी एवं

# प्रोफेशनल मीट का आयोजन 12 जून को

## मुख्य वक्ता होंगे भाजपा प्रदेश मंत्री एवं सांसद आशीष दुबे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा ₹सेवा, सुशासन और जनकल्याण₹ को समर्पित विकास प्रदर्शनी एवं प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दिनांक 12 जून 2025, गुरुवार को अपराह्न 3 बजे से भाजपा जिला कार्यालय, सिवनी में आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं जबलपुर सांसद आशीष दुबे का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कार्यक्रम में सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक कमल मर्सकोले सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन जी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 11 वर्षों का कार्यकाल जनकल्याण की योजनाओं, गरीबों के उत्थान, डिजिटल क्रांति और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक रहा है। हम सभी कार्यकर्ता इस विकास यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कटिबद्ध हैं।

इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न वर्गों युवा, व्यवसायी, प्रोफेशनल्स एवं प्रबुद्ध जनों की सहभागिता आपेक्षित की गई है। कार्यक्रम संयोजक प्रेम तिवारी (पूर्व जिला अध्यक्ष, भाजपा) एवं कार्यक्रम सह-संयोजक पीयूष दुबे (जिला मंत्री, भाजपा) ने सभी आपेक्षित वर्ग से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएं।

# इंटीग्रेटेड स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

मंगलवार 10 जून को इंटीग्रेटेड स्वास्थ्य शिविर औद्योगिक क्षेत्र भूरकल खापा राइस मिल में आयोजित किया गया। जिसमें सामान्य नोडल अधिकारी डॉक्टर जयेश काकोडिया,मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर, आईसीटीसी काउंसिल अशोक गोवंशी, डीएसआरसी काउंसलर फौजिया अंजुम, आईसीटीसी लैब टेक्नीशियन शीबा खालिक, आशीष तिवारी आईटी,एसएसके स्टाफ, टीआई स्टाफ, समग्र स्टाफ, टीबी स्टाफ,हेपिटाइटिस स्टाफ, एक्सरे स्टाफ,आशा कार्यकर्ता, सीएचओ स्टाफ उपस्थित रहा। जहां एचआईवी एसटीआई आरटीआई की जानकारी एवं परामर्श देते हुए सभी हितग्रहियों की एचआईवी वीडीआरएल की स्क्रीनिंग की गई साथ ही सभी का एचबी एसएजी,एचसीवी की भी जांच की गई, जहां टीबी की जांच एक्सरे भी की गई। इस प्रकार कुल एचआईवी जांच-44, Sypillis-44,Hbsag-44,Hcv-44, Tb स्क्रीनिंग-58, CBC-44,Xray chest-35,जिसका परिणाम Hiv नेगेटिव,sypillis दो रिएक्टिव और दो chest xray सस्पेक्टेड पाए गए। उपरोक्त शिविर का आयोजन मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देश अनुसार किया गया।

# खेल विद्याओं की चयन प्रक्रिया 25 जून को संपन्न होगी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सिवनी ने बताया शासन के निर्देशानुसार खेल परिसर कुरई जिला-सिवनी में सत्र 2025-26 के लिये अनुमानित 20 रिक्त सीटों के लिये अनुसूचित जनजाति खिलाडी छात्रों का चयन किया जाना है। जिसमें कक्षा छटवीं से कक्षा नवमीं तक के विद्यार्थी खिलाडियों का चयन किया जाएगा। चयन प्रकिया बैटरी टेस्ट के माध्यम से की जाएगी। कक्षा नवमीं के बाद के खिलाडी का चयन राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खेल परिणाम के आधार पर किया जाएगा। मिनी समूह में 11 से 14 वर्ष के खिलाडियों को, जूनियर समूह में 14 से 16 वर्ष खिलाडियों को एवं 16 से 18 वर्ष के खिलाडियों को सीनियर समूह में रख कर चयन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि क्रीडा परिसर में संचालित खेल विद्या अंतर्गत हॉकी, फुटबॉल, ऐथलेटिक्स, खेल विद्याओं की चयन प्रकिया क्रीडा परिसर कुरई के खेल मैदान में जनजातीय वर्ग के छात्रों के लिये 25 जून 2025 को 11 बजे से किया जावेगा।

टेलेंट सर्च, बैटरी टेस्ट एवं प्रतियोगिता के माध्यम से जिले के विकासखण्ड स्तर पर चयन प्रक्रिया संपन्न होगी।

जिसमें घंसौर विकासखंड अंतर्गत सीएम राईज स्कूल घंसौर में, धनौरा विकासखंड अंतर्गत सीएम राईज स्कूल धनौरा में, लखनादौन विकासखंड अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय लखनादौन में, छपारा विकासखंड अंतर्गत सीएम राईज स्कूल छपारा में, केवलारी विकासखंड अंतर्गत आदिवासी बालक छात्रावास केवलारी में दिनांक 23 जून को दोपहर 12 बजे से चयन प्रक्रिया संपन्न होगी। इसी तरह दिनांक 24 जून को विकासखंड बरघाट अंतर्गत आदिवासी बालक छात्रावास बरघाट में एवं कुरई विकासखंड अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय कुरई में तथा सिवनी विकासखंड अंतर्गत उत्कृष्ट बालक छात्रावास बींझावाड़ा में चयन प्रक्रिया संपन्न होगी।

# 21 दिवसीय बेसिक सिलाई प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

गूंज संस्था और बहुउद्देशीय शहरी एवं ग्रामीण विकास संस्थान के तत्वाधान में ग्रामीण बालिकाओ के रोजगार उन्मुख के तहत 21 दिवसीय प्रारंभिक सिलाई प्रशिक्षण शिविर जो कि ग्राम बोरदई के सामूहिक भवन में 21 मई से चल रहा है ।

आज 10 मई को सिलाई प्रशिक्षण शिविर का समापन भारतीय जनता पार्टी की अध्यक्ष मती मीना बिसेनजी, महिला समन्वय की विभाग संयोजिका मती रुक्मणी सोनिड़ियाजी ,बोरदई के सरपंच आसिफ खानजी बहुउद्देशीय संस्थान के अध्यक्ष बद्रीनारायण सनोड़ियाजी एवं अन्य अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के चरणों में पुष्पार्चना कर दीप प्रज्वलित किया गया। बालिका कुमकुम सतनामी की मधुर आवाज में सरस्वती वंदना के पश्चात गूंज संस्था की अध्यक्ष मती मनीषा चौहान ने गूंज संस्था के कार्यों पर प्रकाश डाला। तथा मुख्य अतिथि मीना बिसेनजी ने कहा कि सशक्त किशोरी व आत्मनिर्भर महिला ही राष्ट्र को गति देती है, और ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीण लड़कियों के रोजगार के अवसर बढ़ाते हैं तथा गूंज संस्था को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि लड़कियों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर हर संभव मदद करने को हमेशा तत्पर रहेगी । शिविर में 50 लड़कियों ने प्रशिक्षण लिया और अतिथियों के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त सभी लड़कियों को सर्टिफिकेट दिए गए तथा किशोरियों द्वारा सीखी गई सिलाई के कपड़ों की प्रदर्शनी का अतिथियों द्वारा अवलोकन कर बालिकाओं के कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की गई। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का आभार गीता विश्वकर्मा द्वारा किया गया व अन्नपूर्णा मालवीय जी ने कार्यक्रम को एक सूत्र में बांधा । इस पूरे प्रशिक्षण शिविर में संस्था की सचिव सविता गौतम, संध्या ठाकुर, संगीता चौरसिया, संध्या नगपुरे , मीना ठाकुर ,आशा बावरिया,खुशी चौहान, नीता यादव, प्रसून चौहान, अनु पटवा, आकांक्षा सेंगर,माधुरी सेंगर,रेनू अग्रवाल,संतोष भूरा, सपना गोस्वामी, संगीता अग्रवाल, मंजू जावरे का शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

अंत में स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ व संस्था ने सभी प्रशिक्षार्थी लकड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना कर आगे भी किशोरियों और महिलाओं के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे ताकि उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जाए।

# लॉक कांग्रेस कमेटी छपारा एवं धनौरा में संगठनात्मक बैठक में सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

दिनाँक 11 जून 2025 को अखिल भारतीय काँग्रेस कमेटी एवं हमारे नेता आदरणीय राहुल गांधी की मंशानुरूप कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिये मध्यप्रदेश में संगठन सृजन अभियान के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छपारा एवं धनौरा में अखिल भारतीय काँग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक मोहन मरकाम जी, सिवनी जिला प्रभारी एवं परासिया विधायक सोहन वाल्मिकी जी एवं पीयूष कोसरे जी महासचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ ने कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक ली।



बैठक के आयोजन सर्वप्रथम में भारतीय काँग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक मोहन मरकाम जी एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात बैठक प्रारंभ की गई। सर्वप्रथम बैठक के आयोजन में केवलारी विधायक ठा. रजनीश हरवंश सिंह जी ने अखिल भारतीय काँग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक मोहन मरकाम जी पुष्प माला एवं साल फल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। बैठक के आयोजन में अखिल भारतीय काँग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक मोहन मरकाम जी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए।संगठन को बूथ स्तर से लेकर जिला एवं प्रदेश स्तर तक संगठन को मजबूत करने लिए अपनी बात रखी एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं से सुझाव माँगे।

## खबर संक्षेप

### लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी मंत्री श्रीमती ऊइके ने पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष के देवलोक गमन पर दी भावपूर्ण श्रद्धांजली



**बालाघाट ।** प्रदेश की लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया ऊइके ने पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष आचार्य स्वणश्री गोपाल राव एलकर के देवलोक गमन पर बुधवार को उनके निवास पर पहुंचकर पारिवारिक भेंट की। वहीं स्वण श्री आचार्य एलकर के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री श्रीमती उईके के साथ ही बालाघाट.सिवनी क्षेत्र सांसद श्रीमती भारती पारधी व पूर्व मंत्री श्री रामकिशोर नानो कावरे ने भी दुखद निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### राजस्व कार्यो में बालाघाट की संभाग में मजबूत स्थिति



**बालाघाट।** जबलपुर सम्भागायुक्त श्री धनंजय सिंह भदौरिया ने बुधवार को वीसी के माध्यम से सम्भागीय जिलो की समीक्षा की। राजस्व कार्यो में नामान्तरणए सीमांकन तथा बंटवारे के प्रकरणों में बालाघाट का प्रदर्शन बेहतर पाया गया। नामान्तरण व मनरेगा के मामले में बालाघाट टॉप पर तथा अभिलेख दुरुस्तीकरण में द्वितीय बंटवारे के मामले के चतुर्थ स्थान पर है। सम्भागायुक्त श्री भदौरिया ने आरसीएमएस पोर्टल पर तहसीलदारों के प्रकरणों की समीक्षा में परसवाड़ा सहित अन्य जिलों में सोसर व गाडरवाड़ा तहसीलदार बॉटम 10 में होने पर प्रतिक्रिया जानी। बालाघाट वीसी कक्ष में मौजूद रहे कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिले के सम्बंध में जानकारिया दी। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफए बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ताए सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवालए संयुक्त कलेक्टर श्री मधुवंत राव धुर्वेए श्रीमती राजनंदनी शर्माए डिप्टी कलेक्टर श्री एमआर कोल सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।
भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों का शीघ्र होगा निर्माण
जहाँ टंकियों की स्थिति ठीक नहीं उन्हें शीघ्र दुरुस्त किया जाएगा

### स्वास्थ्य, महिला एवं बाल कल्याण समिति की बैठक हुई संपन्न

**बालाघाट।** जिला पंचायत की स्थायी समिति जिला स्वास्थ्यए महिला एवं बाल विकास समिति की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में सभापति श्रीमती केशर बिसेन की अध्यक्षता में बुधवार को संपन्न की गई। बैठक में विगत बैठक का कार्यवाही विवरण प्रस्तुत करने के उपरांत स्वास्थ्य विभागए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभागए महिला एवं बाल विकास विभागए आयुष विभाग तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में सीएमएचओ डॉण्परेश उपलप ने स्वास्थ्य विभाग के समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लक्ष्य एवं उपलब्धि की विस्तार से जानकारी प्रदान की। सभापति श्रीमती केशन बिसेन द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया कि भवन विहीन आंगनबाड़ियों का शीघ्र निर्माण कराया जाए तथा जहां आंगनबाडी भवन नहीं है वहां के लिए प्रस्ताव प्रेषित किया जाएं। आंगनबाडी कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं की भर्तियों को लेकर जहां आपत्तियां लगी है उनका शीघ्र निराकरण कर पदस्थापना की कार्यवाही की जाएं। इसके साथ ही उन्होंने पात्र एवं अपात्र लाड़ली बहनों की सूची प्रस्तुत करने तथा आंगनबाडी केन्द्रो पर गुणवत्ता पूर्ण पोषण आहार परोसने के निर्देश दिए है। बैठक में नलजल योजना की भी विस्तार से समीक्षा की गई तथा जहां टंकियों की स्थिति ठीक नहीं है उन्हें तत्कॉल दुरस्त करने के निर्देश दिए गए।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान का दुलापुर पंचायत में हुआ समापन

**हरिभूमि न्यूज़ लांजी।** कृषि की विभिन्न तकनिकी एवं योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए कृषि विभाग मप्र शासन द्वारा कृषि विभाग से जुड़े अन्य विभागों के साथ संयुक्त रूप से विकसित कृषि संकल्प अभियान का दिनांक 11 जून को समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत दुलापुर के सरपंच ताराचंद कूचलाहे एवं विशेष अतिथि टुमनलाल घोरमारे जी सभापति कृषि स्थाई समिति जनपद पंचायत लांजी, मंडल अध्यक्ष श्री देवेश एडे उपस्थित रहे। उपसरपंच श्री संजय धारने, पंच श्री कुमार पांचे, पंच श्री हरिराम जामरे जी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुवात में मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला कालीमाटी के समीर बिसेन द्वारा मिट्टी परीक्षण के फायदे एवं मिट्टी लेने की विधि बताई गई। अंकित मेश्राम कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा भूमि का उपचार, मिट्टी परीक्षण, सोलर लाईट ट्रैप, बीज का चुनाव और बीज उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। तत्पश्चात श्री निलेश सुल्खे जी द्वारा उद्यानिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सिंचाई के विभिन्न कृषि यंत्र के बारे में जानकारी दी गई। इसके पश्चात श्री महेंद्र कुमार आसटकर (AVFO) द्वारा पशुपालन विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिया गया। श्री SK गेडाम वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी द्वारा मशाला क्षेत्र विस्तार, फल क्षेत्र विस्तार , फूल क्षेत्र विस्तार पर उद्यानिकी विभाग की जानकारी दी गई। आत्मा विभाग से श्री अजय बिजयवार (BTM) द्वारा प्राकृतिक खेती एवं विभागीय योजनाओं को बताया गया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कुलदीप गनवीर द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं फसल विविधीकरण के बारे में जानकारी दी गई। मंडल अध्यक्ष देवेश एडे द्वारा कृषि में आय दोगुनी करने हेतु विभिन्न उपाय बताए गए। कृषि स्थाई समिति के सभापति श्री टुमनलाल घोरमारे जी द्वारा कृषि, उद्यानिकी और पशुपालन विभाग की सराहना की गई। साथ ही कोदो कुटकी के क्षेत्र विस्तार हेतु कृषि विभाग को पूरा श्रेय दिया गया। साथ ही सभी कृषि विस्तार अधिकारी को क्षेत्र में किसानों के बीच पहुंचकर अच्छा कार्य करने की सलाह दी गई। अंत में सरपंच महोदय श्री ताराचंद कुचलाहे जी द्वारा बतख पालन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में कृषि विस्तार अधिकारी विनय प्रकाश बागड़े, कृष्ण कुमार खरे, अंकित मेश्राम, कुलवीन कुमार, सौरभ मासूरकर, इंदु ऊईके, शिवानी मेश्राम एवं क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी एकता पंद्रे उपस्थित रहे।

# राहुल, प्रियंका गांधी विचार मंच की कार्यकारिणी का हुआ विस्तारीकरण



### खैरलांजी में कांग्रेस पाट्री के कार्यकर्ताओ की बैठक का हुआ समापन

**खैरलांजी।** कांग्रेस पाट्री के प्रदेश पदाधिकारी के निर्देश पर खैरलांजी मुख्यालय में 9 जून को कांग्रेस पाट्री के पदाधिकारीयो की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान बैठक में कांग्रेस पाट्री के वारासिवनी ब्लॉक अध्यक्ष भोजेश्वर पटले , खैरलांजी ब्लॉक अध्यक्ष गोकुल प्रसाद गौतम , जिला पंचायत सदस्य लोहमर्ष बिसेन ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम कुमार नगपुरे एंव राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच जिलाध्यक्ष जावेद अली, देवराज भोयर ,योगेश सुलाखिया सहित अन्य कांग्रेस पाट्री के कार्यकर्ता की उपस्थिती में बैठक सम्पन्न की गई। इस दौरान बैठक में राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच का विस्तारीकरण कर कार्यकारिण का गठन किया गया । बताया गया इस दौरान राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच का विस्तार किया गया जिसमे श्री मिथलेश नगपुरे को राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच का जिला महासचिव बनाया गया साथ ही विकाश कृपगऐ नगर अध्यक्ष खैरलांजी , निकेश मेश्राम नगर कोषाध्यक्ष खैरलांजी, दीपक सुर्यवंशी नगर उपाध्यक्ष खैरलांजी , राजकुमार मोहारे ग्रामीण अध्यक्ष किन्हीं , धनेन्द्र मुंजारे ग्रामीण उपाध्यक्ष किन्हीं ,किशोर ठाकुर ग्रामीण अध्यक्ष फोगल टोला तथा गणेश महेसकर को राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच का फोगलटोला ग्रामीण उपाध्यक्ष बनाया गया। जिन्हें राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच के जिलाध्यक्ष के द्वारा नियुक्त पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान बैठक में कांग्रेस पाट्री के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान का ग्राम पंचायत कंजई में हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज़ लालबर्रा।** लालबर्रा ग्राम पंचायत कंजई में दिनांक 07/06/25 को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में जिले में धान उत्पादक किसानों को लागत कम करने तथा उत्पादन बढ़ाने के दिशा में नवीनतम व उन्नत तकनीकी ज्ञान का साझा किया गया नोडल अधिकारी श्री आर के शेंडे प्राचार्य कृ.वि एवं प्र.के मुरझड ने कार्यक्रम की रूपरेखा व उद्देश्य ,ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई में मोल्ड बोल्ड पलउ का महत्व ,बीज उपचार, बीज शोधन के फायदे ,बीज उत्पादन कार्यक्रम, बीज बोने के पहले जैविक व रासायनिक फफूंदनाशक का उपयोग, रासायनिक कीटनाशक दवाइयो के उपयोग से हमारे स्वास्थ्य पर हो रहे हैं नुकसान को समझाते हुए जैविक व प्राकृतिक खेती करने की सलाह दी । कृषि वैज्ञानिक श्री आर के ठाकुर कृ.महा बालाघाट ने मृदा परीक्षण कर संतुलित उर्वरक उपयोग, पोषक तत्व प्रबंधन, नरवाई प्रबंधन हेतु यंत्रीकरण सुपर सीडर, हैप्पी सीडर,



बेलर मशीन के उपयोग ,खेती में गोबर की खाद, वर्मी कंपोस्ट व जैव उर्वरक, डीएपी के विकल्प एस एस पी, 12 :32 :16, यूरिया,20:20:0:13 के उपयोग करने की सलाह दी । मत्स्य विभाग से श्री मेश्राम व अन्य विभाग से आए विभागीय अधिकारियों द्वारा विभागीय जानकारी साझा की गई। वर्षा मेश्राम व श्रुति भलावी कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा लाइट ट्रैप की उपयोगिता व बीज शोधन व बीज उपचार करने की विधि का जीवंत उदाहरण देकर कृषको के समक्ष करके दिखाया कार्यक्रम में सरपंच महोदय श्री आनंद बिसेन ने अपनी सक्रिय भागीदारी देकर पौधारोपण का कार्य किया व कृषको से अपील की कि वे विभागीय अधिकारियों के सतत संपर्क में रहकर विभागीय योजनाओं का लाभ लेवे कार्यक्रम के अंत में श्री सोमेश्वर ठाकरे सचिव द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम में बालकृष्ण बिसेन पूर्व सरपंच, तिरेंद्र कुमरे उप सरपंच प्रतिनिधि , प्रीति पंद्राम व.कृ.वि.अ ,डॉ नीलिमा मेश्राम वी.ए.एस, कीर्ति नगपुरे व.उ. वि.अ,शिखा बोपचे, लक्ष्य जेनेवार, शेरिल सिंदुर,राजकुमार काकोड़िया राजू गौतम अन्य कृषको की सक्रिय उपस्थिति रही।

## पीएम एक्सीलेंस का एआई और फिन्टेक कोर्स में रहा शत प्रतिशत परिणाम



**बालाघाट।** पीएम एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग और आईण्आईण्टीण के सहयोग से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सर्टिफिकेट कोर्सेस में चयनित विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित किया गया। इस कोर्स में सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की और महाविद्यालय का नाम गौरवपूर्ण किया। इस विशेष कोर्स में छात्रों को एआईए एमएलए ब्लॉकचेनए डिजिटल पेमेंट सिस्टम और फिन्टेक से जुड़े उन्नत विषयों में प्रशिक्षित किया गया। कोर्स के अंत में हुई परीक्षा और प्रोजेक्ट मूल्यांकन में सभी छात्रों ने उत्तीर्ण होकर शत.प्रतिशत सफलता दर्ज की।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉण् एन एम कुरैशी और नोडल अधिकारी डॉण् विनोद आड़े ने उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। डॉण् आड़े ने कहा कि शिक्षा ही वह रास्ता है जो आपको सफलता के नए आसमान तक पहुंचाता है। महाविद्यालय के कंप्यूटर शिक्षक अतुल मेश्राम ने कहा कि इस कोर्स ने छात्रों को भविष्य की तकनीकी में दक्ष बनाने में मदद की है। उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को अब इंटर्नशिप और प्लेसमेंट ड्राइव के लिए आगामी 11 जून से आरंभ हो रहे अगले चरण में भाग लेने का मौका मिलेगा। इसको लेकर सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों में बहुत उत्साह है कि उन्हें आगे इंटर्नशिप और रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

# शासन ने किया निर्णय, राजस्व विभाग नए स्वरूप में होगा कार्यशील

### प्रमुख सचिव ने कलेक्टर्स सहित राजस्व अधिकारियों को बताई विभाग की नई स्टैंडर्ड प्रणाली अब राजस्व न्यायालयों में हो सकेंगे हर दिन फैसले

**बालाघाट।** राजस्व विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्यो में नई प्रणाली से प्रगति लायी जाएगी। इसके लिए राजस्व विभाग को मर्ज किया जा रहा है। मप्र शासन द्वारा कैबिनेट में लिए गए निर्णय को क्रियांवित करने के लिए प्रयास प्रारम्भ हो गए है। इस निर्णय को व्यवहारिक रूप देने के लिए बुधवार को राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव श्री विवेक पोरवाल ने वीसी के माध्यम से समस्त कलेक्टर्स और राजस्व अधिकारियों को नई प्रणाली के तहत किये जाने वाले कार्यो के संबंध में स्टेंडर्ड प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही इस नवीन प्रणाली के सम्बंध में पृथ्क से विस्तृत निर्देश शीघ्र जारी किए जाएंगे। विभाग के नए सेटअप व प्रणाली में राजस्व विभाग के दो कैडर निर्धारित किये गए है। एक. जो तहसीलों में तहसील न्यायालयों का ही कार्य देखेंगे। इससे राजस्व के मामलें में गति आएगी। दूसरा.प्रोटोकॉल व लॉ एंड ऑर्डर की स्थितियों का कार्य देखेंगे। शेष दिनों में कलेक्टर द्वारा अन्य कार्य भी सौंपे जा सकेंगे। इसके लिए भोपाल स्तर से आदेश जारी होगें। तहसीलों में रहने वाले तहसीलदारों से विभाग ने अपेक्षा की है कि हर दिन न्यायालयों में प्रकरण निराकृत करेंगे। वीसी के माध्यम से हुई कार्यशाला में प्रमुख सचिव श्री पोरवाल ने फॉर्मर रजिस्ट्रीए स्वामित्व योजनाए एनडीएमआईएस पोर्टल पर इंट्री के अलावा बाढ़ और जल गंगा संवर्धन अभियान की भी समीक्षा की। बालाघाट वीसी कक्ष में कलेक्टर श्री मृणाल मीनाए सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवालएएडीएम श्री जीएस धुर्वे सहित समस्त एसडीएम और तहसीलदार मौजूद रहे।




### प्रदेश में 2 पटवारी प्रशिक्षण शाला ही रहेगीए शालाओं को उन्नत किया जाएगा

पीएस श्री पोरवाल ने वीसी में कहा कि प्रदेश में अब केवल 2 पटवारी प्रशिक्षण शाला होगी। जिन्हें उन्नत बनाया जाएगा। एक ग्वालियर व दूसरी उज्जैन में स्थापित होगी जबकि प्रदेश की 12 शालाएं विलोपित की जाएगी। इसके अलावा विभाग में आईटी के उपयोग के सम्बंध में यह भी कहा कि आईटी विशेषज्ञ के रूप में सभी न्यायालयों के लिए एक.एक मानव संसाधन दिया जाएगा। वहीं एक ही परिसर में संचालित होने वाले कोर्ट भी मर्ज किए जाएंगे।

### फॉर्मर रजिस्ट्री के मामलें में छठवें स्थान पर जबकि सम्भाग में प्रथम

पीएस श्री पोरवाल ने कार्यशाला में फॉर्मर रजिस्ट्री के कार्य की समीक्षा की। समीक्षा में बालाघाट जिला प्रदेश में 6 वे स्थान पर है। जबकि इस सूची में शामिल जबलपुर सम्भाग में 2 अन्य जिलों से बालाघाट ऊपर है। जिले में 95 प्रतिशत से अधिक फॉर्मर रजिस्ट्री की जा चुकी है। अब यहां 13944 फॉर्मर रजिस्ट्री शेष है। इसी तरह पीएस श्री पोरवाल ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्राउंड ट्रूथिंग के कार्य को 15 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए है। स्वामित्व योजना में प्रदेश के 18 जिलो ने यह कार्य पूरा कर लिया है। स्वामित्व योजना में मप्र में देश में सबसे उत्कृष्ठ कार्य है।

# विकसित भारत के अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण हुए

### लोकस्वास्थ्य व यांत्रिकी मंत्री श्रीमती उइके ने जिलेवासियों को आकाशवाणी से दी बधाई और शुभकामनाएँ

**बालाघाट।** प्रदेश की लोक स्वास्थ्य व यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके बुधवार को बालाघाट नगर प्रवास पर रही। इस दौरान वे विकसित भारत के अमृत काल में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर आकाशवाणी के विशेष श्रृंखला कार्यक्रम में शामिल हुई। उन्होंने आकाशवाणी के माध्यम से जिले की जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि सेवा सुशासन व गरीब कल्याण के 11 वर्ष पर भारत शासन द्वारा लगातार विभिन्न आयोजन आयोजित किये जा रहें है। उन्होंने 29 मई से प्रारम्भ हुए विकसित कृषि संकल्प अभियान का जिक्र करते हुए कि कृषि वैज्ञानिक पंचायतों में पहुँचकर खेती की लागत कम करते हुए लाभ का जरिया बनाने की तकनीकी जानकारियां दे रहे है। इसके अलावा कृषि से जुड़े अन्य विभागों का अमला किसानों से सीधा संपर्क कर योजनाओँ से रूबरू कराया रहे है। उन्होंने कहा कि 11 वर्ष में जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर तक जल पहुंचा है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अंतिम छोर तक सरकार पहुँच सुनिश्चित कर रही है। किसानों के लिए किसान सम्मान निधि के माध्यम से खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए प्रेरित किया गया है। पीएचई मंत्री श्रीमती उइके ने आगे कहा कि सेवा सुशासन और गरीब कल्याण का नाम सुनते ही



मन म भाव पैदा होता ह कि हम सेवा से जुड़े है। उन्होंने देश की सुरक्षा को लेकर बताया कि राष्ट्र की सुरक्षा के लिए ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा देश की सुरक्षा के लिए सरकार कृत संकल्पित है। गंगा जल संवर्धन अभियान के माध्यम से जल को संरक्षण करने का अभियान चलाया जा रहा है।

### पुष्पगुच्छ से स्वागत

आकाशवाणी के विशेष श्रृंखला कार्यक्रम में शामिल होने पहुँची पीएचई मंत्री श्रीमती उइके का कार्यक्रम प्रमुख श्री कुंवर विक्रम सिंहए धीरज कुमारए अजय व्यासए अजय बैस सहित अनाउंसरए तकनीकी स्टॉप व कार्यालय स्टॉफ ने मंत्री श्री उईके का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।आकाशवाणी द्वारा 20 जून तक मध्य प्रदेश के सभी केंद्रों से विशेष श्रृंखला कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

## पीएम जनमन और धरती आबा के तहत 15 से शिविर होंगे प्रारम्भ

बालाघाट। प्रधानमंत्री जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 जून शिविर आयोजित किये जायेंगे। शिविरों की तैयारी के सम्बंध में बुधवार को जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ ने अभियान से जुड़े विभागों के साथ बैठक की। उन्होंने इस सम्बंध में निर्देश दिए है कि एसडीएम स्तर से जनपदवार आयोजित होने वाले शिविरों के आदेश जारी किए जाए। धरती आबा अभियान नवम्बर 2024 में प्रारम्भ हुआ है। इसके बाद से शिविर व अन्य आवेदनों के माध्यम से कार्य किया गया है। खासकर विभिन्न योजनाओं में जिन नागरिकों लाभान्वित किया गया है। विभाग उनकी इंट्री भी 15 से 30 जून तक अनिवार्य रूप से कराएंगे। भारत शासन के निर्देशानुसार पीएम जनमन और धरती आबा में शामिल जनजातीय ग्रामीण नागरिकों में सेच्युरेशन की स्थिति प्राप्त करना होगी।




